American Cancer Society®

कैंसर के लिए इम्यूनोथेरेपी

Immunotherapy for Cancer – Hindi

इम्यूनोथेरेपी कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए किसी व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली के कुछ हिस्सों का उपयोग करती है। इसका उपयोग कुछ प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए किया जाता है, लेकिन कैंसर वाले सभी लोगों को इम्यूनोथेरेपी नहीं दी जातीहै।

इम्यूनोथेरेपी कैसे काम करती है?

प्रतिरक्षा प्रणाली व्यक्ति को कैंसर सहित कुछ बीमारियों और अन्य अस्वस्थतायों से बचाने में मदद करने के लिए शरीर के कुछ अंगों और कोशिकाओं का उपयोग करती है।

विभिन्न प्रकार की इम्यूनोथेरेपी कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए अलग अलग तरीकों से काम करती हैं। अन्य प्रकार की दवाएं प्रतिरक्षा प्रणाली के काम करने के तरीके को बदल सकती हैं इसलिए यह कैंसर कोशिकाओं पर बेहतर तरीके से हमला करती है।

कुछ कैंसर के लिए इम्यूनोथेरेपी ही एकमात्र आवश्यक उपचार हो सकता है। या, कभी कभी इसे कीमोथेरेपी, विकिरण थेरेपी, या सर्जरी जैसे अन्य इलाजों के साथ दिया जा सकता है।

कैसे दिया जाता है?

कई इम्यूनोथेरेपी इलाज आउटपेशेंट क्लीनिक में एक इंजेक्शन या इनफ्यूशन के रूप में IV लाइन के माध्यम से दिए जाते हैं जिसे नस में डाला जाता है। कुछ को त्वचा पर रगड़ा जा सकता है या सीधे शरीर के उस हिस्से में दिया जा सकता है जहां कैंसर पाया गया है। कुछ नए इम्यूनोथेरेपी इलाज के लिए अस्पताल में रहने की आवश्यकता हो सकती है। उसके अलावा इम्यूनोथेरेपी के अन्य इलाज मुंह से ली जाने वाली गोली या कैप्सूल के रूप में दिया जाता है और इसे घर पर लिया जा सकता है।

इलाज कितने समय तक चलता है और कितनी बार दिया जाता है?

क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का उपचार अलग होता है, यह कितनी बार दिया जाता है और यह कितने समय तक चलता है, यह भी भिन्न हो सकता है। इलाज कुछ दिनों के लिए प्रतिदिन दिया जा सकता है या सप्ताह में एक बार या महीने में एक बार दिया जा सकता है। कुछ प्रकार की इम्यूनोथेरेपी समय की तय अवधि के लिए दी जाती है, इसके बाद आराम की अवधि होती है ताकि अगला उपचार होने से पहले शरीर दुष्प्रभावों से ठीक हो सके।

इम्यूनोथेरेपी के दुष्प्रभाव

दुष्प्रभाव चूंकि दी गई दवा पर निर्भर करते हैं, इसलिए इम्यूनोथेरेपी प्राप्त करने वाले सभी लोगों के समान दुष्प्रभाव नहीं होंगे। कुछ प्रकार की इम्यूनोथेरेपी गंभीर या अति गंभीर दुष्प्रभाव का कारण बन सकती है।

सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- त्वचा की समस्याएं जैसे चकत्ते या खुजली
- फ्लू जैसे लक्षण
- दस्त जैसी पेट की समस्या

पूछे जाने वाले प्रश्न

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जो आप अपने डॉक्टर और स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली टीम से पूछ सकते हैं:

- मुझे किस प्रकार की इम्यूनोथेरेपी दी जाएगी?
- मुझे कितनी बार इलाज मिलेगा?
- मेरा इलाज कितने समय तक चलेगा?
- मैं अपना इलाज कराने के लिए कहां जाऊंगा?
- क्या मैं इलाज के लिए खुद ड्राइव कर के जा सकता हूं?
- क्या मेरा बीमा मेरे इलाज के लिए भुगतान करेगा? मुझे कितना भुगतान करना होगा?
- मुझे क्या क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?
- मेरे दुष्प्रभावों का प्रबंधन कैसे किया जा सकता है और मैं उनके बारे में क्या कर सकता हूं?
- क्या मैं इलाज के दौरान काम कर पाऊंगा और अपनी नियमित गतिविधियां कर पाऊंगा?
- क्या मैं इलाज के दौरान अपनी अन्य दवाएं और सप्लीमेंट लेना जारी रख सकता हूं?
- क्या मुझे अन्य प्रकार के इलाज की आवश्यकता होगी?
- मुझे डॉक्टर या नर्स को कब कॉल करना चाहिए?

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को **1-800-227-2345** पर कॉल करें या **cancer.org/immunotherapy** पर हमें ऑनलाइन पाएँ। जब भी आपको हमारी जरूरत हो, आपके लिए हम हैं।

HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
No. 080807

BBB ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity